रोहतक

शनिवार, 8 मार्च 2025

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 37

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**

अधि. 30.4
न्यून. 7.4

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज




## पिछले 11 सालों में...

- ♀ जन्म के समय लिंगानुपात 918 से बढ़कर 933 हुआ
- ♀ STEM यानी साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स स्ट्रीम में होने वाले लगभग आधे एडमिशन लड़कियों के
- ♀ एनडीए और सैनिक स्कूल में लड़कियों को एडमिशन
- ♀ आर्म्ड फोर्सेस में महिलाओं की स्थायी कमीशनिंग
- ♀ 48% से ज्यादा स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर
- ♀ मुद्रा योजना की लगभग 70% लाभार्थी महिलाएं
- ♀ 10 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं
- ♀ मैटरनिटी लीव 12 हफ्ते से बढ़ाकर 26 हफ्ते
- ♀ 3.7 करोड़ महिलाओं को पीएम मातृ वंदना योजना से ₹16,500 करोड़ मिले
- ♀ 74% पीएम आवास की मालकिन महिलाएं बनीं
- ♀ 10 करोड़ से ज्यादा रसोई में उज्ज्वला गैस कनेक्शन
- ♀ 15 करोड़+ घरों तक नल से जल पहुंचा
- ♀ करीब 12 करोड़ शौचालय बने
- ♀ ट्रिपल तलाक पर कानूनी प्रतिबंध
- ♀ अब अकेले हज पर जा सकती हैं मुस्लिम महिलाएं

=

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# आज की नारी, हर रोज महिला दिवस मनाती!



**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं**

CBC 46101/13/0012/2425

## गंगवा ने शहीद निशांत मलिक की बहन को दिया जेई का नियुक्ति पत्र



**चंडीगढ़/हिसार।** वर्ष 2022 में जम्मू कश्मीर के राजौरी पुंछ इलाके में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले जिले के वीर सैनिक निशांत मलिक की बहन को प्रदेश के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को जेई के पद का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान हांसी विधायक विनोद भयाना भी मौजूद रहे।इस अवसर पर चंडीगढ़ में हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा सरकार वीर सैनिकों के सम्मान और उनके परिजनों के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

## विस अध्यक्ष ने महिला दिवस की बधाई दी

**चंडीगढ़।** विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह दिन नारी शक्ति के सम्मान, उनके योगदान और उनकी उपलब्धियों को सलाम करने का दिन है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है।कल्याण ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, जो अपनी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास से हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, व्यवसाय और समाज सेवा हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

## सरकार जमीनी हकीकत से बहुत दूर :आदित्य





**चंडीगढ़।** इनेलो विधायक दल नेता अदित्य देवीलाल व विधायक अर्जुन चौटाला ने बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभिभाषण में सरकार ने केवल बड़े-बड़े दावे किए हैं और लोक लुभावन वादों के ऊपर ज्यादा जोर दिया है। लेकिन आज बीजेपी सरकार प्रदेश में जमीनी हकीकत से बहुत दूर हो गई है। प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब है। हत्याएं, डकैती बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ रही है।

# बढ़ते दामों पर लगाम, एफसीआई ने खुले बाजार में बेच दिया 50,000 एमटी गेहूं

■ बाजार में गेहूं के दाम 400 से 600 रुपये क्विंटल तक गिरे ■ रेट बढ़े रहते तो एजेंसियों को नहीं मिल पाता एमएसपी पर गेहूं ■ कई माह से गेहूं के रेट 3200 रुपये प्रति क्विंटल

सुरेंद्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

घरेलू बाजार में गेहूं के बढ़ते रेटों को नियंत्रण में लाने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खुले बाजार में नीलामी द्वारा गेहूं बेचना शुरू कर दिया। अब तक 50,000 मीट्रिक टन गेहूं नीलामी द्वारा खुले बाजार में बेचा गया है।

इससे प्रदेश में गेहूं के दाम 400 से 600 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए हैं। एफसीआई द्वारा बाजार में गेहूं बेचने से एक तो महंगाई कम होगी, दूसरा इस बार सरकार को किसानों का नया गेहूं मिलने के आसार बढ़ जाएंगे। दरअसल, भारतीय बाजार में पिछले कई महीनों से गेहूं के रेट 3200 रुपये प्रति क्विंटल को पार कर गए थे। सरकार को चिंता सता रही थी कि अगर खुले बाजार में गेहूं के रेट यूं ही कायम रहे तो अप्रैल में किसान गेहूं सरकारी



एजेंसियों को की बजाय निजी व्यापारियों को बेचेंगे। एफसीआई के खरीद एवं वाणिज्यिक प्रबंधक गौरव भट्ट ने इसकी पुष्टि की है।

**पिछले साल 2275 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा था:** पिछले साल सरकार ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा था। जैसे ही सरकार की खरीद बंद हुई, गेहूं के रेट बढ़ने शुरू हो गए। दिसम्बर 2024 तक गेहूं के रेट 3200 रुपये प्रति क्विंटल को पार कर गए और बाजार में आटा 40 रुपये प्रति किलो बिकने लगा। इस वृद्धि का असर ब्रेड, बिस्कुट, सूजी व आम दिनचर्या में काम करने वाले उत्पादों पर भी पड़ा और ये महंगे हो गए।

### सरकार की इसलिए बढ़ी चिंता

सरकार ने इस साल पिछले साल से 150 रुपये एमएसपी बढ़ा दिया। उसके बावजूद भी गेहूं का एमएसपी 2425 रुपये है, जबकि खुले बाजार में गेहूं 3,000 से 3,200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है। ऐसे में सरकार को लगा कि उसे एमएसपी पर गेहूं मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए गेहूं को खुले बाजार में नीलामी द्वारा बेचने का फैसला लिया।

### ऑनलाइन बेचा गया

एफसीआई ने जनवरी से अब तक हिसार जोन में 50,000 मीट्रिक टन गेहूं ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा फ्लोर मिलर व फूड प्रोसेसर को बेचा है। एफसीआई का न्यूनतम मूल्य 2350 रुपये प्रति क्विंटल है। ऑनलाइन इसे पोर्टल पर डाला गया तो 3100, 2800 और 2650 रुपये प्रति क्विंटल बिका। इसके बाद गेहूं के दाम 400 से 600 रुपये तक नीचे आ गए।

### हिसार जोन में पांच जिले

प्रदेश में एफसीआई एचआरओ पंचकूला के अंतर्गत आने वाले हिसार जोन में डबवाली से चरखी दादरी तक 5 जिले आते हैं। एफसीआई का सिस्टम यह है कि हर शुक्रवार को वह ऑनलाइन पोर्टल पर टेंडर डालते हैं और यह टेंडर बुधवार को खुलता है। जो व्यापारी ज्यादा रेट भरता है, उसके नाम टेंडर खोल दिया जाता है।

### दाम नियंत्रण में



एचआरओ पंचकूला के आदेशों के बाद हमने हिसार डीओ में गेहूं की नीलामी के लिए ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया शुरू की। अब तक 50 हजार एमटी गेहूं को बाजार में बेचा जा चुका है, जिसके बाद गेहूं के दामों में कमी दर्ज की गई है। अब बाजार में गेहूं के दाम नियंत्रण में आ चुके हैं।

-गौरव भट्ट
प्रबंधक खरीद एवं वाणिज्यिक, एफसीआई


## विधानसभा के बजट सत्र का पहला दिन : राज्यपाल ने सरकार का विजन रखा

# प्रदेश में सड़क, रेल और हवाई तंत्र को किया जा रहा मजबूत

**प्रदेश में 10 वर्षों में 30498 करोड़ रुपये की लागत से 55016 किमी. लंबी सड़कों को किया गया सुदृढ़**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने प्रदेश में सड़क तंत्र व अन्य सार्वजनिक परिवहन की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया है। ढांचागत विकास किसी भी प्रदेश के भौतिक एवं आर्थिक विकास का एक बड़ा पैमाना होता है। इसी के कारण उद्योग और निवेश आकर्षित होता है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। आज प्रदेश का ऐसा कोई जिला नहीं है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से न जुड़ा हो।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अपने अभिभाषण में सदन को दी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में 30,498 करोड़ रुपये की लागत से 55,016 किलोमीटर लंबी सड़कों को सुदृढ़ किया गया इसके अलावा 4,702 करोड़ लागत से 8,086 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण भी किया गया है। उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि इसी अवधि के दौरान 1,712 करोड़ रुपये की लागत से 87 रेलवे ऊपरगामी, भूमिगत पुलों और अन्य पुलों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। इसके अलावा वर्तमान में 1162 करोड़ रुपये की लागत से 49 रेलवे ऊपरगामी, भूमिगत पुलों और अन्य पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 ' के तहत 1,068 करोड़ रुपये की लागत से 2,447 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किय जा चुका है और 49 किलोमीटर लंबी सड़कों का कार्य प्रगति पर है। इस अवधि के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए प्रदेश में 27 टोल टैक्स बैरियर हटाये गये हैं।उन्होंने कहा कि सरकार माल की ढुलाई और यात्री यातायात की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदेश में सड़कों के साथ-साथ रेलवे बुनियादी ढांचे को भी निरंतर उन्नत कर रही है।



**चंडीगढ़।** विधानसभा पहुंचने पर राज्यपाल का स्वागत करते स्पीकर व मुख्यमंत्री।



**चंडीगढ़।** शोक प्रस्ताव पढ़ते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## हरियाणा राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला देश का पहला राज्य : दत्तात्रेय

**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य राज्य में गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी और शोध आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस नीति को हरियाणा में सभी विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध कॉलेजों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 से लागू किया है। हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सदन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सभी सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में स्नातक स्तर तक छात्राओं की ट्यूशन फीस माफ की जा रही है। स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ने वाली उन सभी छात्राओं की भी ट्यूशन फीस माफ की जा रही है, जिनके परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। प्रदेश में शिक्षा को बढ़ाना देने की अनेक योजनाएं चल रही है।

## भाजपा की कांग्रेस पर चुटकी सीएलपी लीडर भी नहीं चुन सके


योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार हरियाणा विधानसभा बजट सत्र की शुक्रवार को सुबह 11 बजे हुई। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरुआत हुई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार के एक दशक की उपलब्धियां को राज्यपाल ने गिनवाया। वहीं खास बात यह है कि इस बार बजट सत्र का यह दूसरा मौका है जब कांग्रेस के पास कांग्रेस विधायक दल का नेता और नेता विपक्ष नहीं है। नेता विपक्ष नहीं होने के कारण कांग्रेस के सामने कई तरह की चुनौतियां पेश आएंगी। पार्टी में आंतरिक कलह और खींचतान होने के कारण नेता विपक्ष का चुनाव नहीं हो सका है।

पार्टी में हालात को लेकर जहां पार्टी के खुद के नेता चिंता जाहिर कर रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को मीडिया के कैमरों पर चुटकी ली और कहा कि काफी विधायक चाहते हैं कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा नेता विपक्ष बने लेकिन हाई कमान नहीं चाहता हुड्डा नेता विपक्ष बने। कांग्रेस पार्टी के लोग अपना विधायक दल का नेता नहीं चुन पा रहे हैं, वे विपक्ष की भूमिक तक नहीं निभा सकते। उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ विधायकों बीबी बतरा और गीता भुक्कल सहित सभी स्वीकार करते हैं कि संगठन में कमी है, जिसे दूर करना जरूरी है लेकिन सभी एक सुर में हाईकमान के पाले में गेंद डालकर शांत हो जाते हैं।

### प्रदेश में विकास पर फुल स्टॉप : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि सरकार ने हरियाणा के



विकास पर फुल स्टॉप लगा दिया है। इस सरकार के दौरान प्रदेश में बेरोजगारी, अपराध, पलायन, नशा व महंगाई नॉनस्टॉप और बेकाबू हो चुके हैं। यही वजह है कि सरकार के पास ना पिछले 10 साल में बताने लायक कोई काम था और ना ही तीसरी सरकार के अब तक के कार्यकाल में कोई उपलब्धि है। हुड्डा पत्रकारों से बातचीत में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।


**कार्यालय जिलाधीश, कैथल।**

सार्वजनिक सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सचिवालय में न्यायालय परिसर में स्थित साईकिल स्टैण्ड पार्किंग, जिला सचिवालय में टाईपिस्टों के लिए बनाए गए शैड में स्थित की दुकान न० 17 तथा न्यायालय परिसर में स्थित दुकान न0 03 को वर्ष 2025-2026 (01.04.2025 से 31.03.2026) तक के लिए खुली बोली द्वारा दिनांक 12.03.2025 को दोपहर 02-00 बजे कमरा न० 101 में नगराधीश महोदय की अध्यक्षता में करवाई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इन शर्तों को देखना चाहे तो वह उपायुक्त कार्यालय के जिला नाजर के पास कमरा नं0 204 में देख सकता है। प्रत्येक केस में उपायुक्त महोदय का निर्णय अन्तिम होगा। प्रत्येक बोलीदाता को साईकिल स्टेण्ड के लिए मु0-1,00,000/- रूपये तथा अन्य सभी दुकानों के लिए मु0-25.000/- रूपये नगद बतौर जमानत राशि / सिक्योरिटी जिला नाजर के पास कमरा न0 204 में बोली देने से पूर्व जमा करवानी होगी।

हस्ता/-जिलाधीश, कैथल।

पीआरडीएच 1029/11/530/2025/32669/88/6 दि. 07.03.25



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की पुत्र** प्रताप सिंह, **निवासी** गाँव एवं पोस्ट खनक, तहसील तोशम, जिला भिवानी (हरियाणा) ने **FIR. No. 379/15 U/S 279 IPC and 3/181 MV Act थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विक्की** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 379/15 U/S 279 IPC and 3/181 MV Act , थानाः रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वसुंधरा छौंकर
एसीएमएम, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/2600/OD/2025
Court Matter


## निकाय चुनाव व अन्य मुद्दों पर भाजपा दिग्गजों ने किया मंथन




■ मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी, संगठन मंत्री सहित अन्य नेता मौजूद रहे

■ चुनाव प्रभारी से निकाय चुनाव का फीडबैक लिया

**चंडीगढ़।** निकाय चुनाव के बाद भाजपा के आगे की रणनीति बनाने में जुट गई है। शुक्रवार को पंचकूला स्थित बीजेपी कार्यालय पंचकमल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में अहम संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता और मंत्री कृष्ण बेदी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में 2 मार्च को प्रदेश भर में हुए निकाय चुनाव की समीक्षा की और साथ ही साथ पानीपत में 9 मार्च को होने वाले चुनाव की भी रणनीति बनाई गई। इस बैठक में सभी नेताओं ने आगामी दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई और उन्हें सफल बनाने की योजना पर भी मंथन किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा का और अधिक विस्तार कैसे किया जाए की चर्चा तो की ही गई साथ ही विधानसभा सत्र में उठने वाले मुद्दों पर भी व्यापक वार्तालाप हुआ। बैठक में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और चुनाव प्रभारियों से उनके क्षेत्रों के निकाय चुनाव के बारे में एक-एक करके जानकारी ली गई। सभी ने बैठक में सकारात्मक रिजल्ट आने का दावा किया। इसके अलावा पानीपत में जिन पदाधिकारियों की चुनाव को लेकर ड्यूटी लगाई गई उनसे भी वहां का फीडबैक लिया गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | ग्रुप-बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि के लिए हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को औषधि की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 06.03.2025 27.03.2025 | 4.07 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार फ्लूरोस्कोपी सहित डिजिटल रेडियोग्राफी की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 27.03.2025 | 5 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हरियाणा के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसीएस) में अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीनों के विकास, प्रचालन व रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 26.03.2025 | 21.75 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्ष के लिए दर अनुबंध पर पैक्ड रेड ब्लड सैल हेतु ल्यूको-रिडक्शन फिल्टर बैड साइड की आपूर्ति, स्थापना व प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 27.03.2025 | 1.39 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हरियाणा के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसीएस) में अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीनों के विकास, प्रचालन व रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 26.03.2025 | 6 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 6 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार डेस्कटॉप कम्प्यूटर्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 06.03.2025 27.03.2025 | 11.40 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/120/32671/I/88/6 दि. 07.03.25



हरियाणा सरकार

**भावान्तर भरपाई योजना**

बागवानी उत्पादकों हेतु अनूठी योजना बनाई
सब्जियों के भाव में अन्तर की अब होगी भरपाई

भावान्तर भरपाई योजना भारत में बागवानी के क्षेत्र में किसानों के पक्ष में उठाया जाने वाला पहला कदम है। इससे किसानों को बहुत अधिक लाभ मिलेगा

पंजीकरण हेतु : www.hortnet.gov.in/haryana

किसानों को बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव के जोखिम से बचाने के लिए



प्रदेश में 21 फलों और सब्जियों क्रमशः टमाटर, प्याज, आलू, फूलगोभी, मटर, गाजर, भिण्डी, लौकी, करेला, बैंगन, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, मूली, हल्दी, लहसुन, किन्नू, अमरूद, आम, बेर व लीची के संरक्षित मूल्य तय किये गये हैं।

अधिक जानकारी के लिए

जिला उद्यान अधिकारी से संपर्क करें अथवा कॉल करें (टोल फ्री नंबर) 1800-180-2021 अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

उद्यान विभाग, हरियाणा
वेबसाइट :- www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

रोहतक
शनिवार, 8 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 37
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00
मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 7.4
हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज
haribhoomi.com



पंचकूला में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम सैकड़ों महिलाएं करेंगी समारोह में शिरकत

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज : करनाल की शांता को सुषमा स्वराज अवार्ड, 50 महिलाएं और 38 बच्चियां भी होंगी सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार को पंचकूला के रेड बिशप होटल में मनाया जाएगा। इस मौके पर करनाल की शांता रंगा को 'सुषमा स्वराज' अवॉर्ड दिया जाएगा। इस मौके पर 50 महिलाओं और 38 बालिकाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी उपस्थित रहेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री श्रुति चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना, लैंगिक समानता सुनिश्चित करना और समाज में महिलाओं की भूमिका को और मजबूत करना है।

## श्रुति बोलीं-सरकार का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना

### इन्हें मिलेगा अवार्ड

- करनाल की शांता रंगा को सुषमा स्वराज अवॉर्ड दिया जाएगा। इसके तहत 5 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।
- इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवॉर्ड हिसार की बाला वर्मा, जींद की रेखा धीमान को मिलेगा।
- कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार हांसी की मीनू देवी को, जबकि लाइफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड अंबाला की कमलेश अरोड़ा को दिया जाएगा।



सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने पर रीता धीमान, बनारसी देवी, पूनम व डॉ. विनिता तोमर को सम्मानित किया जाएगा।

### ये खिलाड़ी होंगी सम्मानित

खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भिवानी की सोनिका, प्रीति पंवार, जैसमीन लंबोरिया, जींद से कुसुम, अंशु मलिक, झज्जर से मनु भाकर, दीक्षा डागर, फरीदाबाद से रिदम सांगवान, कुरुक्षेत्र से रमिता जिंदल, हिसार से अंतिम पंघाल, सिरसा से भजन कौर, चरखी दादरी से विनेश फौगाट, रोहतक से रितिका हुड्डा, पानीपत से निशा दहिया, सोनीपत से किरण पहल और पंचकूला से रैजा ढिल्लो को सम्मानित किया जाएगा।

### महिला उद्यमी की श्रेणी

महिला उद्यमी की कैटगरी में जींद की पिंकी देवी और गुरुग्राम से साक्षी को सम्मानित किया। वहीं आंगनवाड़ी वर्कर्स और राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सम्मानित होने वाली 38 बच्चियों को भी महिला दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

ये राज्य भी दे रहे तोहफा

## दिल्ली में महिला समृद्ध योजना लॉन्च होगी!

दिल्ली में भाजपा सरकार आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला समृद्ध योजना शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर माह 2500 रुपये दिए जाएंगे। एक अनुमान के अनुसार करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सालाना आय 3 लाख से कम है और टैक्स नहीं देती। इसके लिए उम्र 18 से 60 होना जरूरी है।

## जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को बस में फ्री यात्रा का ऐलान

जम्मू कश्मीर सरकार ने 7 साल बाद बजट पेश किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने महिलाओं के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इसके तहत हर महिला को राज्य में एक अप्रैल से सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा का तोहफा दिया है। वहीं, लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को 40 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी दी जाएगी। शादी में आर्थिक सहायता 5000 से बढ़ाकर 75 हजार रुपये की है।

## बजट सत्र शुरू, राज्यपाल ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

# 1.98 लाख करोड़ का बजट पेश करेंगे सैनी

हरियाणा को 2047 तक एक लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई व कहा कि सरकार का मकसद गरीबों का उत्थान है। उन्होंने विधायकों से सदन के समय का सदुपयोग करने के लिए कहा। अभिभाषण के बाद सदन में शोक प्रस्ताव पढ़े गए। इसमें 5 बार सीएम रहे ओपी चौटाला को श्रद्धांजलि दी गई। अब 8-9 मार्च को छुट्टी के बाद 10 मार्च, को फिर सदन की कार्यवाही शुरू होगी। सीएम नायब सैनी बतौर वित्तमंत्री पहली बार 17 मार्च को करीब 1.98 लाख करोड़ का बजट पेश करेंगे। वहीं, कांग्रेस बिना विधायक दल नेता के ही सत्र में शामिल हुई। प्रमुख विपक्षी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस हाईकमान ने अभी तक नेता प्रतिपक्ष की घोषणा नहीं की है। बजट सत्र 28 मार्च तक चलेगा। राज्यपाल ने नायब सरकार का रोडमैप जारी करते हुए कहा, विकसित हरियाणा-विकसित भारत का ध्येय लेकर चल रही नायब सरकार ने तीसरे कार्यकाल में 3 गुणा गति से काम शुरू कर दिया है। गरीब उत्थान, किसान कल्याण व नारी सशक्तीकरण के साथ युवाओं को रोजगार और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा पर फोकस रहेगा। वर्ष 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक लाख करोड़ डॉलर की बनाने के लिए बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को टाप एजेंडे में रखा गया है।



### मिशन हरियाणा-2047

प्रदेश सरकार ने मिशन हरियाणा-2047 के लिए हाई लेवल टास्क फोर्स का गठन कर दिया है। जिसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद को एक ट्रिलियन डॉलर करना है। यह टास्क फोर्स ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर रही है, जहां आर्थिक विकास की संभावनाएं अधिक हैं।

### गरीब परवारों को प्लॉट

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 52,288 आवेदकों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इससे अलग मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 14 शहरों में 15,256 परिवारों को 30-30 वर्ग गज के प्लॉट दिए हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि सभी पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत महाग्रामों (10 हजार से अधिक आबादी) में 50-50 और बाकी गांवों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट मिलेंगे।

### युवाओं को रोजगार

हरियाणवी अंदाज में राम-राम के साथ अभिभाषण की शुरुआत करते हुए राज्यपाल ने करीब 40 मिनट में सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का उल्लेख किया। युवा कल्याण एवं रोजगार का जिक्र करते हुए कहा सरकार प्रदेश के हर युवा के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर काम कर रही है। ग्रुप-सी व डी की भर्तियों में इंटरव्यू खत्म कर दिया है। योग्यता के आधार पर बिना पर्ची-बिना खर्ची के 1.75 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। एक लाख 20 हजार अनुबंधित कर्मियों की सेवाओं को सेवानिवृत्ति की तिथि तक सुरक्षित रखने की गारंटी दी है।

### एमएसपी पर फसल खरीद

प्रदेश में किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर जारी रहेगी। फसलों का भुगतान किसानों के बैंक खातों में 72 की बजाय 48 घंटों में किया जाएगा।

**तेजी से काम चल रहा इन योजनाओं-परियोजनाओं पर**

- करनाल के कुटैल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विवि का निर्माण पूरा। संचालन जल्द।
- पंचकूला में राट्रीय आयुर्वेद संस्थान में बीएएमएस की कक्षाएं शुरू हैं। निर्माण कार्य लगभग पूरा।
- 15 मेडिकल कालेज चल रहे हैं। 11 जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेजों का कार्य प्रगति पर।
- 49 रेलवे ऊपरगामी, भूमिगत पुलों और अन्य पुलों का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा।
- केएमपी एक्सप्रेस-वे के साथ पलवल के पृथला से सोनीपत तक आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना शुरू।
- हिसार हवाई अड्डे से जल्द ही उड़ानें शुरू होंगी। अंबाला में घरेलू एयरपोर्ट बनाया जा रहा।
- रोडवेज में बसों की संख्या 4000 से बढ़ाकर 5300 की जाएगी। एनसीआर में इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।
- ग्लोबल सिटी गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ 1,000 एकड़ क्षेत्र पर औद्योगिक और बिजनेस हब।
- खरखौदा में 3,300 एकड़ व सोहना में 1400 एकड़ भूमि पर औद्योगिक मॉडल टाउनशिप बन रही।
- दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयल कारिडोर के तहत नारनौल में इंटीग्रेटिड मल्टी मॉडल लाजिस्टिक हब बनेगा।

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,332.58 | 7.51 ▼ |
| निफ्टी | 22,552.50 | 7.80 ▼ |

| धातु | कीमत | मंदी/तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 88,900 /- | 200/- ▼ |
| चांदी | 99,500/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.92 | 20 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 70.44/ बैरल | | 1.41% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा पूर्व पीएम मनमोहन का स्मारक

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने का रास्ता साफ हो गया है। उनके परिवार ने इसके लिए प्रस्तावित स्थल को मंजूरी दे दी है। सिंह की तीनों बेटियां और उनके पति पहले ही प्रस्तावित स्मारक स्थल का दौरा कर चुके हैं। प्रस्तावित स्मारक स्थल लगभग 900 वर्ग मीटर में फैला हुआ है और राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर स्थित है, जहां कई पूर्व पीएम और राष्ट्रपतियों के स्मारक हैं।

# पंचकूला में वायुसेना का जगुआर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

अंबाला के एयरपोर्ट से भरी थी उड़ान मोरनी के पास दोपहर 3.45 बजे क्रैश | पायलट विमान को रिहायशी इलाके से दूर ले गया जांच के आदेश, विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची

**पंचकूला (ब्यूरो)।** भारतीय वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को पंचकूला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट सुरक्षित बच गया। विमान ने प्रशिक्षण के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। यह हादसा दोपहर करीब 3.45 बजे मोरनी में बालदवाला गांव के पास तकनीकी खराबी के कारण हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। वायुसेना ने हादसे की जांच का आदेश दे दिया है। हादसे के वक्त पायलट पैराशूट से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा।



### पहाड़ी से टकराया

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि पायलट के नियंत्रण से बाहर होने के बाद यह विमान तेजी के साथ पहाड़ी से जा टकराया और मलबे में तब्दील हो गया। जिस जगह हादसा हुआ वह जंगल और पहाड़ियों से घिरा इलाका है। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई और वह कई टुकड़ों में बंट गया।हादसे का वीडियो भी सामने आया है। पूरे पहाड़ी इलाके में दूर-दूर तक विमान का मलबा फैला हुआ है।







हरियाणा बोर्ड परीक्षा में नकल गैंग पकड़ा

# सोनीपत में निजी स्कूल टीचर बना रहे थे पर्चियां

## तीन महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

परीक्षा केंद्र के बाहर बने मकान में बना रहे थे पर्चियां, मौके से किए गए काबू



**सोनीपत/गोहाना (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा बोर्ड परीक्षाओं में नकल का साया साथ नहीं छोड़ रहा। प्रतिदिन नकल के केस सामने आ रहे हैं। सोनीपत में शुक्रवार को शामड़ी गांव स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र के बाहर बाहरी हस्तक्षेप के चलते 3 महिलाओं और 4 पुरुषों को गिरफ्तार किया है। ये सभी निजी स्कूल के टीचर हैं। ये परीक्षा केंद्र के बाहर एक मकान में बैठकर पर्चियां बना रहे थे। तभी इन्हें गिरफ तार कर लिया। शुक्रवार को 10वीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर था। गांव छतैहरा व शामड़ी में परीक्षा केंद्रों के बाहर टोलियों में युवक पर्चियां बनाते मिले। बोर्ड अध्यक्ष के उड़नदस्ते ने पुलिस के साथ छापा मारते इन्हें पकड़ लिया। परीक्षा केंद्र में लापरवाही पर तीन पर्यवेक्षक सहित चार को रिलीव कर दिया है।

### ये आरोपित गिरफ्तार

टीम ने 3 महिलाओं सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुनीता, मांसी, सीमा, अनिल, मोहित, अक्षय व जुगल शामिल हैं। एक कॉपी में कुछ बच्चों के नाम, अनुक्रमांक, सैट कोड पाए गए। केंद्र अधीक्षक की तरफ से सीटिंग प्लान की पुष्टि करते हुए कहा कि यह सैट कोड बच्चों को दिए गए प्रश्न-पत्रों के अनुसार हैं। टीम ने सभी महिला व पुरुषों से उनके मोबाइल व नोट बुक लेकर थाना सदर, गोहाना में केस दर्ज करवा दिया।

### लापरवाही : चार कार्यमुक्त

गोहाना के गीता विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से पर्यवेक्षक जितेंद्र, हैप्पी उच्च विद्यालय जागसी से टीजीटी पीएचई अनु रानी, राजकीय उच्च विद्यालय एसपी माजरा से टीजीटी सामाजिक विज्ञान कृष्ण कुमार को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के कारण कार्यभार मुक्त कर दिया। गांव बिचपड़ी स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में हिंदी अध्यापक मोनू को कार्यभार मुक्त किया है।

# आजादी के आंदोलन में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान : स्वामी रामदेव

## इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विद्वत् सम्मेलन का उद्घाटन ▶▶ आर्य समाज आगामी 50 वर्षों के लिए करेगा मंथन : स्वामी आर्यवेश

- सभी मिलकर कार्य करेंगे तो महर्षि दयानंद के सपनों का भारत बन सकता है जहां कोई भेदभाव, कोई असंतुलन नही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव ने कहा है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज और महर्षि दयानंद के अनुयायियों का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने गुरु विरजानंद, स्वामी श्रद्धानंद, लाला लाजपत राय, चाचा अजीत सिंह, शहीद भगत सिंह और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों को स्मरण करते हुए कहा कि इन महापुरुषों की प्रेरणा से हजारों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजादी दिलाई।

आज हम उन्हीं के बलिदानों के कारण स्वतंत्रता की हवा में सांस ले रहे हैं। स्वामी रामदेव शुक्रवार को स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विद्वत् सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस महासम्मेलन में आर्य समाज के अनेक विद्वानों, विचारकों एवं प्रचारकों ने भाग लिया। विश्व विख्यात योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि वे 400 लोगों के गांव से निकल कर योग से जुड़े। आज दुनिया के करोड़ों लोग उनको देखते हैं। उन्होंने पुरुषार्थ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुरुषार्थ तो करना पड़ेगा, इसके बाद ही समाज हर क्षेत्र में विकास कर सकता है। सभी मिलकर कार्य करेंगे तो महर्षि दयानंद के सपनों का भारत बन सकता है जहां कोई भेदभाव, कोई असंतुलन न हो। सभी के मन में एक दूसरे के लिए समानता और आदर हो। शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में विकास हो और बच्चों को अच्छे संस्कार मिलें। उन्होंने कहा कि कई साल से टिटौली के इस तीर्थ स्थल के लिए निमंत्रण मिल रहा था, लेकिन उन्हें अब आने का मौका मिला।



रोहतक। हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए स्वामी रामदेव, कैप्टन रूद्रसेन सिंधु एवं आर्य समाज के विद्वान।



महासम्मेलन के दौरान स्वामी रामदेव को पटका पहनाते हुए कैप्टन रूद्रसेन सिंधु। फोटो: हरिभूमि

### मोबाइल से बच्चों को बचाएं

स्वामी रामदेव ने कहा कि मोबाइल बच्चों को बिगाड़ रहा है। बच्चे चार से लेकर छह घंटे तक मोबाइल से चिपके रहते हैं। इससे बच्चों को बचाना होगा तभी उनका विकास होगा। साथ ही बच्चों में संस्कार डालने होंगे।

### महासम्मेलन आर्य समाज की दशा-दिशा में परिवर्तन लाएगा

स्वामी आर्यवेश ने अपने संबोधन में कहा कि यह महासम्मेलन आर्य समाज की दशा और दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन के माध्यम से आर्य समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने एवं समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिनों तक देश-विदेश से आए विद्वान आर्य समाज के अगले 50 वर्षों की रूपरेखा तैयार करेंगे। वरिष्ठ आर्य सन्यासी स्वामी प्रणवानंद ने कहा कि स्वामी दयानन्द के विचारों को और ज्यादा अपनाने की आवश्यकता है। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद ने कहा कि ऋषि दयानन्द का जीवन और उनके कार्य ही समाज को प्रेरणा देने वाले हैं।

### ये मौजूद रहे

कार्यक्रम के दौरान आर्यन ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन कैप्टन रूद्रसेन सिंधु, पद्मश्री डॉ. सुकामा आचार्या, महर्षि दयानंद शोधपीठ के अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश, समन्वयक डॉ. ज्वलंत कुमार शास्त्री, सार्वदेशिक सभा के मंत्री प्रो विट्ठलराव आर्य, मुख्य संयोजक स्वामी आदित्यवेश, संयोजक डॉ धनंजय आर्य, संयोजक बिरजानंद एडवोकेट, संयोजक डॉ कैलाश कर्मठ आदि मौजूद रहे।

---

## खेत में बने कमरे में घेरा तो बदमाशों ने चलाई गोलियां

# हांसी में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, एक को लगी गोली

**2 पिस्टल, देशी कट्टा व 4 जिंदा रौंद 32 बोर, 1 जिंदा रौंद 315 बोर बरामद**

- शेखपुरा व ढाणी पुरियां में हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले दोनों बदमाश धर दबोचे
- गोली से घायल बदमाश को हांसी के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शेखपुरा गांव के सरपंच प्रदीप लादी व ढाणी पुरियां में झोलाछाप डॉक्टर सुरेश के घर के बाहर हवाई फायर करने वाले बदमाशों व क्राइम ब्रांच हांसी की टीम के बीच देर रात फायरिंग हुई है। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोलियां लगी है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही दो बदमाशों को पकड़ लिया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान कृष्णा कॉलोनी निवासी रवि व इंद्र सैनी के रूप में हई है। हांसी एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने 10 दिन पहले शेखपुरा व ढाणी पुरिया में हत्या प्रयास के लिए फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा फायरिंग करने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही थी कि गुरुवार रात को पुलिस को हवाई फायर करने वाले बदमाशों के बारे में सूचना मिली थी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी जिसमें 2 बदमाश पकड़े गए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस को अवैध 2 पिस्टल, 1 देशी कट्टा व 4 जिंदा रौंद 32 बोर, 1 जिंदा रौंद 315 बोर बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है।



हांसी। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश।

### दोनों पर पहले से दर्ज है कई मामले

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपी रवि के खिलाफ हत्या प्रयास का एक, आर्म्स एक्ट के दो, चोरी का एक तथा एक मुकदमा परिजन एक्ट के तहत दर्ज है वहीं आरोपी इंद्र के खिलाफ एक एक्साइज एक्ट व दो आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।

### पुलिस को रात 11 बजे मिली थी सूचना

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम 10 दिन पहले शेखपुरा व ढाणी पुरियां में घरों के बाहर हवाई फायरिंग करने वाले दोनों आरोपियों की तलाश में थी। रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गांव शेखपुरा व ढाणी पुरिया फायरिंग करने वाले दोनों आरोपी आरपीएस स्कूल के पास खेत में बने एक खंडहर कमरे में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच खंडहर कमरों में आरोपियों को पुलिस ने घेर लिया। दोनों को अपने आपको को पुलिस के हवाले करने के लिए कहा तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलानी शुरू दी। जब पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो एक आरोपी रवि के पैर में गोली लग गई व जिसके बाद दोनों को काबू कर लिया गया। मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ बास थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है। मामले में अभी जांच जारी है।

---

## सचिन राणा और हरदीप पर जेल के अंदर की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला जेल में अपराधिक मामलों में सजा काट रहे जिला अंबाला के गांव थंबड निवासी सचिन राणा व पंचकुला निवासी हरदीप पर जेल के अंदर की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आरोप लगा है। शहर जगाधरी पुलिस ने जेल अधीक्षक विशाल छिब्बर की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जेल अधीक्षक विशाल छिब्बर ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि जेल में बंद बंदी द्वारा जेल के अंदर की फोटो मोबाइल में खींचकर उसको सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। जिससे जेल की प्राइवेसी भंग हुई है। जांच करने पर उन्हें पता चला कि जिला अंबाला के गांव थंबड़ निवासी सचिन राणा व पंचकुला निवासी बंदी हरदीप जेल में चोरी छिपे मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन दोनों ने ही जेल के अंदर की फोटो मोबाइल में लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जाखल में हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के साथ सप्लायरों की धरपकड़ करते हुए जाखल पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सतगुरू उर्फ सेठी पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नं. 12 जाखल के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है।


**IN THE COURT OF SH. DINESH BHATT, LD. PRINCIPAL JUDGE (NORTH-WEST) FAMILY COURTS, ROHINI, DELHI**
DASTI
Case No . HMA.1526/24 NDOH- 08.04.2025
ARCHANA SHARMA
VS
SURESH KUMAR SHARMA
Suresh Kumar Sharma
S/o Lt. Sh. Desh Raj Acharya
R/o 9/183, Khari Kuin, Babra Mohalla
Rohtak, Haryana-124001.
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on **08 April, 2025.** The day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and seal of the Court this 05 March, 2025.
SEAL
PRINCIPAL JUDGE
NORTH-WEST DISTRICT, FAMILY COURT, ROHINI DLEHI

**चिकित्सा**
**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Varsha Sharma
Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur
SANJAY KUMAR
Vs.
PREM CHAND GUPTA
CNR No. HRSOA0-000592-2024
EXE/76/2024
Next Date : 12.03.2025
Execution Petiton in main case CS/430/2021, DOI 23.12.2021 titled as Sanjay vs. Prem Chand Gupta decided on 25.08.2022 by Ms. Sonia Sheokand, Ld. the then A.C.J.(S.D.), Ganaur, it is prayed that the defendant/JD may kindly be directed to comply with the judgment and decree passed by the ld. Dstt. Judge Sonepat vide civil appeal No.159 of 2022 and defedant/J.D. may kindly be directed to execute the sale deed in favour of the plaintiff/D.H., in the Interest of justice.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**PREM CHAND GUPTA (P.C.GUPTA) S/o BANWARI LAL S/O NIHAL CHAND Railway Road, Ganaur Mandi, Ganaur, Teh. Ganaur, Distt. Sonepat, at present - C-10/1602, Pranayam Apartments, Sector-82, Greater Faridabad, Tehsil and Distt. Faridabad**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **12.03.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल**
नारनौल खालड़ा हनुमान मंदिर में तीन प्रसाद की दुकानों की लगाई जाएगी बोली। नारनौल के रघुनाथपुरा में स्थित खालड़ा हनुमान मंदिर पर सोमवार 17 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में खालड़ा हनुमान मंदिर के तीन प्रसाद की दुकानों की बोली लगाई जाएगी। रघुनाथपुरा खालड़ा के हनुमान मंदिर के प्रसाद की दुकानों की बोली के लिए सिक्योरिटी राशि 2 लाख रुपए जमा करानी होगी। अन्य नियम व शर्तें मौके पर ही बताए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
राजेश- 9728774629
पीआरडीएच 1084/11/3167/2025/32682/88/6 दि. 07.03.25

**THE ROHTAK CO-OP. MARKETING SOCIETY LTD.**
ROHTAK-124001
**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक मण्डी में सरसों की खरीद रबी RMS-2025-26 के लिए लेबर कॉन्ट्रैक्टर की आवश्यकता है। जो कुशल लेबर कॉन्ट्रैक्टर दि रोहतक सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. नई अनाज मण्डी, दुकान नं. 21ए, रोहतक के माध्यम से काम लेने के इच्छुक हो वह दिनांक 15.03.2025 को दिन के 10:00 बजे तक अपना आवेदन जमा करे। टैण्डर फार्म प्रबंधक कमेटी के सामने 11:00 बजे खोला जाएगा तथा प्रबंधक कमेटी को टैण्डर फार्म में कमी पाई गई व पूर्ण शर्त न होने की सूरत में रद्द करने का अधिकार होगा। बाकी शर्तें समिति कार्यालय से कार्य दिवस के दिन प्राप्त करें।
हस्ता/- **Rakesh Kumar, The Rohtak Co-Op. Marketing Society Ltd., Rohtak**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

---

## राशिफल



**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।




**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।



**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।



**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।



**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।



**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।




**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।



**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।



**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।



**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।



**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

---

## कंट्रोल रूम में महिलाकर्मी को ओयो बुलाया पुलिस ने आरोपी को हवालात पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शराब के नशे में डायल-112 पर महिला पुलिसकर्मी से बदतमीजी करने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से दुर्व्यहार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घटना के समय शराब के नशे में धुत था। नशे में वह महिला पुलिसकर्मी को ओयो होटल आने के लिए बोल रहा था। पुलिस के अनुसार वीरवास सायं किसी व्यक्ति ने डायल-112 नंबर पर फोन किया था। फोन एक महिला पुलिसकर्मी ने अटैंड किया था। फोन करने वाले ने महिला पुलिसकर्मी के साथ बदतमीजी करना शुरू कर दिया। उसने महिला पुलिसकर्मी से कहा, 'घर आजा या ओयो होटल आजा।' इसके बाद फोन करने वाले ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। महिला पुलिसककर्मी ने भी जवाब देते हुए कहा, 'पुलिस थाने आजा।' पुलिस ने उस नंबर का पता लगाया तो यह नंबर धारूहेड़ा की रामनगर कॉलोनी निवासी हनुमान फौजी का निकला। पुलिस की ईआरवी मौके पर पहुंच गई। आरोपी अपने मकान की छत पर पुलिसकर्मियों के साथ भी शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। उन्हें अश्लील गालियां देने लगा।



आरोपी हनुमान फौजी।


**सार्वजनिक सूचना**
**न्यायालय सब रजिस्ट्रार बहादुरगढ़**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुखत्यार सिंह पुत्र लोंगाराम निवासी भापडौदा ने अपने जीवन काल में अपनी सम्पूर्ण जायदाद की वसीयत अपनी पत्नी श्रीमती प्रेमी देवी पत्नी मुखत्यार सिंह के हक में करवाई थी तथा श्रीमती प्रेमी देवी ने अपने जीवन काल में एक वसीयतनामा नंबर 200 दिनांक 09/01/2009 को परभात रानी पुत्री मुखत्यार सिंह व परमेश कुमार पुत्र मुखत्यार सिंह के हक में करवाई थी। यह कि अब उक्त परभात रानी व परमेश कुमार उक्त वसीयतनामा की रूह से श्रीमती प्रेमी देवी की सम्पूर्ण सम्पति को अपने हक में उतरवाना चाहते हैं। जिसके लिए इन्होंने इस कार्यालय में आवेदन किया है। इस वसीयत के आधार पर श्रीमती प्रेमी देवी पत्नी मुखत्यार सिंह की सम्पूर्ण जायदाद की मलकियत दर्ज करने बाबत किसी भी व्यक्ति विशेष/जन साधारण को कोई एतराज है तो असालतन या वकालतन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अंदर उपस्थित होकर अपना जवाब/उजर पेश करें, अन्यथा बाद मियाद एक तरफा कार्यवाही करके यह वसीयतनामा पंजीकृत कर दी जाएगी।
हस्ता/-सब रजिस्ट्रार, बहादुरगढ़


**उत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
मुख्य विद्युत अभियंता परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।
**निविदा संख्या: NR-Proj-UMB-25009**
**कार्य का नाम:-** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन (135 आरकेएम/270 टीकेएम) के गाज़ियाबाद-मुरादाबाद खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज़ की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री-बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 61.77Cr. | 3238700/- | 24 | Nil | 25.04.2025 at 15:00 Hrs | 25.04.2025 at 15:30 Hrs | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | **मिनिमम डीक्रिमेंट %** | **सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृति:** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2X25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".
निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी। **नोट:-** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं। **निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./07 दिनांक: 07.03.2025** 745/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


---

## शब्द पहेली - 5800




**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5


**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5799 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | खा | दि | म | | | | र | ह | ना | |
| दा | द | | हा | ति | म | ता | ई | | क | प |
| न | | | न | ल | | र | स | | | ना |
| व | च | न | | स्म | र | ण | | व | रा | ह |
| | क | ल | म | | ण | | नी | र | ज | |
| | ना | | री | स | | जा | ल | | कु | |
| | चू | स | ना | | प | | म | हि | मा | |
| च | र | खा | | ग | रि | मा | | ना | र | द |
| र | | | त | म | | य | म | | | ली |
| म | स्त | | स | ला | ह | का | र | | क | ल |
| | र | सी | ला | | | | जी | तें | द्र | |



## खबर संक्षेप



### डब्लूपीजीए रद : दीक्षा प्रणवी, अवनि निराश

**गोल्ड कोस्ट।** भारतीय महिला गोल्फरों दीक्षा डागर, प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा क्योंकि अल्फ्रेड तूफान के प्रभाव की आशंका से आस्ट्रेलियाई डब्लूपीजीए चैंयनशिप और गोल्ड कोस्ट गोल्फ फेस्टिवल रद्द कर दिया गया। मौसम के अनुमान और आयोजकों से मशविरे के बाद लेडीज यूरोपीय टूर ने यह अभूतपूर्व फैसला लेते हुए पहले दिन के खेल से पूर्व टूर्नामेंट रद्द कर दिया। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता है जबकि प्रणवी और अवनि ने घरेलू टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

### युवा साक्षी की नजरें जूनियर विश्व कप पर

**नई दिल्ली।** हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम के साथ सफल पदार्पण के बाद युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा अब अपनी रफ्तार पर काम कर रही है और उनकी नजरें चिली में इस साल के आखिर में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन पर लगी है।



सत्रह वर्ष की साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में गोल किया हालांकि भारत वह मुकाबला 3-4 से हार गया था। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी लिहाजा इसे लेकर बहुत खुश हूं। मैं मैच से पहले इतनी नर्वस नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन किया और मुझे कहा कि तुम्हारे पहले मैच में कोई गलती नहीं है लिहाजा खुलकर खेलो।'

### हरमनप्रीत पर लगा 10 फीसदी जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिए मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



यह घटना यूपी की पारी के 19वें ओवर की है जब अंपायर अजितेष अर्गल ने हरमनप्रीत से कहा कि धीमी ओवरगति के कारण आखिरी ओवर में सिर्फ तीन फील्डर सर्कल के बाहर रह सकते है। इससे खफा हरमनप्रीत ने अंपायर से संक्षिप्त बहस की और उनकी साथ एमेलिया केर भी इसमें जुड़ गई।

### अराविंद प्राग मास्टर्स खिताब के करीब

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में चेक गणराज्य के डेविड नावारा से आसान ड्रॉ खेलने के बाद पहला बड़ा टूर्नामेंट जीतने के करीब पहुंच गए हैं।



अराविंद के अब 5.5 अंक हो गए हैं और वह आर प्रज्ञानानंदा से आधा अंक आगे हैं जिन्होंने वियतनाम के कुआंग लीम ली से ड्रॉ खेला। आखिरी दौर में अराविंद का सामना तुर्किए के एडिज गुरेल से और प्रज्ञानानंदा का नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा। पहले तीन मुकाबले हारने के बाद चीन के ग्रैंडमास्टर वेइ यि ने शानदार वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी एंगुयेन थाइ दाइ वान को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### प्रवीण, नवदीप, धरमबीर करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पैरा-एथलीट 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में हिस्सा लेंगे जिसमें देश के अभियान की अगुआई ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार हासिल कर चुके प्रवीण कुमार के अलावा नवदीप सिंह और धरमबीर करेंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 90 से अधिक स्पर्धायें होंगी और 20 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष पैरा-एथलीट भाग लेंगे।

---

**भारत ने 2013 के बाद से नहीं जीती है चैंपियंस ट्रॉफी**

# विलियमसन बनाम भारतीय स्पिनर, चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में कल होगा रोचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶| दुबई

फॉर्म में चल रहे भारतीय स्पिनरों और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज केन विलियमसन के मुकाबले पर भी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में सभी की नजरें होंगी और यह मैच का निर्णायक पहलू भी साबित हो सकता है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी वर्ष 2000 में जीती थी जब भारत को चार विकेट से हराया था। इसके बाद से आईसीसी 50 ओवरों के खिताब के लिए टीम इंतजार कर रही है। दूसरी ओर भारत ने 2013 के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीती है और इस मैच में टीम फिर चार स्पिनर उतार सकती है।

फाइनल मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की उसी पिच पर खेला जाएगा जिस पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच हुआ था। उसमें स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। ऐसे में हालात के अनुकूल ढलने का विलियमसन का कौशल और तकनीकी महारत न्यूजीलैंड के लिए अहम होगी। भारत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में 81 रन बनाकर वह इसे फिर साबित कर ही चुके हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि भारत का चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा।




### स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण

स्टीड ने कहा, 'हमारे खिलाफ शायद वह स्पिन रणनीति को अपनाएंगे लेकिन हमारे पास भी चार स्पिनर हैं। हमारी टीम संतुलित है लेकिन चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा। उनके पास बेहतरीन स्पिनर हैं। हमें हालात के अनुरुप ढलना होगा और हमारे सभी बल्लेबाज अपनी रणनीति बनाकर भारतीय स्पिनरों के सामने उतरेंगे।'

### केन में काबिलियत

भारत के वरुण चक्रवर्ती के पास विविधता है जिसमें लेग ब्रेक और सीम लेती गेंदें शामिल हैं। उन्होंने मिचेल सेंटनेर को 113 किमी की रफ्तार वाली गेंद पर आउट किया था। ऐसे में स्टीड की रणनीति का अहम हिस्सा विलियमसन होंगे जिन्होंने वनडे क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ 47 की औसत से 2952 रन बनाए हैं। स्टीड ने कहा, 'वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और कई बार न्यूजीलैंड के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुका है। क्रिकेट के खेल में रनों की गारंटी नहीं होती लेकिन मुझे पता है कि केन रन बनाने की पूरी कोशिश करेगा। वह दुनिया के चुनिंदा क्रिकेटरों में से है जिनमें विभिन्न पिचों के अनुरुप ढलने की कमाल की काबिलियत है।'




### हेनरी चोटिल
### न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका

**दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट चोट के कारण भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जाएंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिए हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। तैतीस वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने कहा, 'मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है। उसका स्कैन कराया गया है और उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएगा।'

---


### चक्रवर्ती विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने के करीब

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि कैरम बॉल और फ्लिपर पर अपने नियंत्रण के कारण यह रहस्यमयी स्पिनर विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने की राह पर है।



चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में अभी तक जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। भारत रविवार को होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा जिसमें चक्रवर्ती की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## वाणी कपूर ने जीता लगातार दूसरा डब्लूपीजीटी खिताब



एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां बैक नाइन पर एक बर्डी और आठ पार से एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह आसानी से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण का खिताब जीतने में कामयाब रहीं। वाणी इस तरह रिद्धिमा दिलावारी(70) और रिया झा (73) पर तीन शॉट से आगे रहीं और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया।

उन्होंने पिछले महीने चौथा चरण भी जीता था। डब्ल्यूपीजीटी के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार वाणी ने 70-75-71 के कार्ड खेले जिससे 54 होल में उनका कुल स्कोर इवन पार 216 का रहा।



### रोहित बड़ा स्कोर बनाने का रखें लक्ष्य

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है। गावस्कर ने कहा, ' वह 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं।'

## जीत के साथ विदाई लेने उतरेंगे वारियर्स



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिये मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

यूपी की टीम ने कई मौके गंवाए और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है।

### गुजरात ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया

**लखनऊ।** गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल (नाबाद 70 रन) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तीन गेंद रहते पांच विकेट से जीत दर्ज कर खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार रखा। यह गुजरात जायंट्स की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह आठ अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और प्लेऑफ की दौड़ में कायम है। दिल्ली कैपिटल्स के 10 अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान मेग लैनिंग ने 57 गेंद में 15 चौके और एक छक्के से 92 रन बनाये। उन्होंने और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (40 रन, 27 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) ने महज नौ ओवर के अंदर तेजी से पहले विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी कर धमाकेदार शुरूआत कराई जिससे टीम ने पांच विकेट पर 177 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 178 रन ही बनाकर जीत दर्ज की। हरलीन के अलावा बेथ मूनी की 44 रन की पारी भी अहम रही।

---

**चयन नीति में संशोधन**

## भारतीय टीम में चयन के लिए निगरानी में होंगे ट्रायल मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम में चयन को लेकर होने वाले विवादों और अदालती चक्करों से बचने के लिए खेल मंत्रालय ने चयन नीति में संशोधन कर राष्ट्रीय खेल संघों को इन्हें लागू करने के आदेश दिए हैं।

अब कोई भी खेल संघ भारतीय टीम का चयन अचानक ट्रायल बुलाकर नहीं करा पाएगा। ट्रायल की सूचना खिलाड़ियों को 15 दिन पहले देनी पड़ेगी। ट्रायल वीडियोग्रॉफी के बिना आयोजित नहीं किए जाएंगे। ट्रायल की वीडियो मंत्रालय और साई को भेजनी होगी। टीमों के ट्रायल मंत्रालय के पर्यवेक्षकों की निगरानी में होंगे।

### शिकायत निवारण समिति गठित करनी होगी

नई नीति के अनुसार खेल संघों को खिलाड़ियों के लिए एक समान चयन नीति और शिकायत निवारण प्रणाली लागू करनी होगी। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में राष्ट्रीय खेल महासंघों को स्पष्ट किया था कि खेल संघ चयन में पारदर्शिता अपनाते हुए खिलाड़ियों के साथ कानूनी टकराव से बचें। हाल के दिनों में कुश्ती, निशानेबाजी और कुछ शीतकालीन खेलों की प्रतियोगिताओं के दौरान चयन को लेकर काफी विवाद सामने आए। हर ट्रायल से पहले खेल संघों को मंत्रालय को सूचित करना होगा।

### निजी कोच भी बन सकेंगे टीम का हिस्सा



शिकायत निवारण समिति को सात दिन के अंदर फैसला देने को कहा गया है। फैसले के खिलाफ अपील समिति भी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। चयन समिति का कोई भी सदस्य शिकायत निवारण समिति का हिस्सा नहीं होगा। खिलाड़ियों के साथ लगातार जुड़े रहने वाले उनके निजी कोच या सपोर्ट स्टाफ का भी टीम में चयन मेरिट के तहत किया जा सकता है।

## भारत के प्रणव वेंकटेश ने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती

**नई दिल्ली।** भारत के प्रणव वेंकटेश ने शुक्रवार को मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली। भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए। जब अंतिम दौर की जोड़ियों की घोषणा की गई तो यह स्पष्ट था कि वेंकटेश के लिए ड्रॉ ही काफी होगा। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने वेंकटेश की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, "विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वेंकटेश को बधाई। वह शानदार फॉर्म में हैं। वह लगातार अपने खेल का विश्लेषण करते हैं, सुझाव देते हैं और फीडबैक लेते हैं। आप विश्व जूनियर चैंपियंस की एक बहुत ही प्रतिष्ठित पंक्ति में शामिल हो गए हैं!"

## इंग्लैंड के सफेद गेंद के नए कप्तान हो सकते हैं स्टोक्स

एजेंसी ▶▶| लंदन

जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के प्रारूप में अगले कप्तान हो सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाने के बाद बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। इससे पहले भारत में श्रृंखला में भी उसे पराजय मिली।

तैतीस बरस के स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर थे। उन्होंने 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है जब उन्होंने इस प्रारूप से विदा लेने का अपना फैसला वापिस ले लिया था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड में पुरुष क्रिकेट निदेशक की ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, बेन स्टोक्स सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से है। उसके नाम पर विचार नहीं करने वाला मूर्ख होगा। वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा रणनीतिकार है जो हमने टेस्ट क्रिकेट में देखा। वह खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा पाता है। वह ऐसा इंसान है जो दबाव के हालात में खिलाड़ियों की ढाल बनकर उन्हें खुद पर भरोसा रखने में मदद करता है।'




**एक अरब 40 करोड़ जनसंख्या वाले देश में एक स्ट्राइकर तैयार नहीं**

# छेत्री की वापसी से भारतीय फुटबॉल की स्थिति उजागर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनील छेत्री के 40 साल की उम्र में संन्यास से वापसी करने के फैसले को अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने भले ही बुद्धिमता पूर्ण करार दिया हो। लेकिन इससे भारतीय फुटबॉल की खराब स्थिति का भी पता चलता है जहां एक अरब 40 करोड़ जनसंख्या वाले देश में एक अदद स्ट्राइकर तैयार नहीं हो पाया।

उस खिलाड़ी की जितनी भी तारीफ की जाए कम है जिसने लगभग दो दशक तक राष्ट्रीय टीम को अपनी सेवाएं दी और भारत की तरफ से सर्वाधिक 94 गोल करके अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा था। छेत्री ने पिछले साल मई में सन्यास की घोषणा की थी तब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक गोल करने वाले सक्रिय खिलाड़ियों की सूची में पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के बाद तीसरे नंबर पर थे। लेकिन छेत्री की उपलब्धियां अपनी जगह हैं और उनका संन्यास लेने के एक साल से भी कम समय में वापसी करने का फैसला चौंकाने वाला है और इससे भारतीय फुटबॉल को लेकर अच्छे संकेत नहीं गए। एआईएफएफ के अनुसार उन्हें राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ उन्हें संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने में सफल रहे। मुख्य कोच ने उन्हें एएफसी एशिया कप 2027 के क्वालीफायर्स के अंतिम दौर के लिए टीम से जुड़ने का आग्रह किया था। छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी की तरफ से खेलते रहे। वह इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में अभी तक 23 मैच में 12 गोल कर चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के कारण ही राष्ट्रीय कोच ने उन्हें राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए कहा।




### सुनील की नेतृत्व क्षमता बेजोड़

आईएसएल में उनके प्रदर्शन से एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे भी प्रभावित थे। चौबे ने कहा, 'सुनील की नेतृत्व क्षमता बेजोड़ है। उनके जैसा खिलाड़ी पूरी टीम को प्रेरित कर सकता है। आईएसएल में उनकी फॉर्म भी शानदार रही है। उन्होंने 12 गोल किए हैं और उनके जैसे स्ट्राइकर से भारत को काफी फायदा हो सकता है।' चौबे की तरह एआईएफएफ महासचिव अनिलकुमार पी और अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन ने भी इस फैसले के सकारात्मक पक्ष पर ही ध्यान देना उचित समझा। अनिल कुमार ने कहा, 'हमारे विशेषज्ञों से हमें जो आंकड़े मिले उसके आधार पर सुनील छेत्री को टीम में शामिल करने का मुख्य कोच का फैसला बुद्धिमत्ता पूर्ण है। मौजूदा इंडियन सुपर लीग में छेत्री निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी वापसी से निश्चित तौर पर राष्ट्रीय टीम को मजबूती मिलेगी।'

## चिंतन

# महज एक परंपरा नहीं है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

पूरी दुनिया में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह महज एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है, लेकिन हम इस उत्सव को किस रूप में लेते हैं, ये हमारी मानसिकता पर निर्भर करता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों से बराबरी करने का। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और 1908 में न्यूयॉर्क शहर में करीब 15,000 महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थीं। इस आंदोलन ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में पहला अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि हर साल एक दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए समर्पित किया जाना चाहिए। इस विचार को कई देशों ने अपनाया और 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अब हालात वैसे नहीं हैं। महिलाएं बराबरी पर खड़ी हैं। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुनिया को नई रफ्तार दे रही हैं, लेकिन फिर भी लगातार ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं जो सोचने पर मजबूर करती हैं कि शायद आज भी हमारे ही बीच ऐसे लोगों को कमी नहीं है जो महिला अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन उनकी मानसिकता में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। बीते दिनों ही महाराष्ट्र के जलगांव से आई भाजपा नेत्री की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है बल्कि महिलाओं की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है।देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी। ध्यान रहे यह इकलौती घटना नहीं है। हर दिनों समाचार पत्रों में ऐसी खबरों की भरमार रहती है। अनिवार्य है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है, समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए। उन्हें अपनी संस्कृति संस्कारों से जोड़ना होगा। हम उस देश के वासी हैं जहां महिला शक्ति को माता का दर्जा प्राप्त है। साल में दो बार नवरात्रें मनाकर महिला शक्ति को पूजते हैं। इसके बावजूद अगर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं तो हमें तुरंत सजग होना होगा। युवा पीढ़ी को भी सुसंस्कारी बनाना होगा, तभी महिलाओं को सही सम्मान मिल सकेगा।

## लैंगिक समानता
अर्चना कुमारी



# ‘आधी आबादी’ को पूरा हक मिलना चाहिए

भारत में महिलाएं देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। यूं तो यह आधी आबादी कभी शोषण तो कभी अत्याचार के मामलों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। हालांकि जब भी हम महिलाओं की समानता की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि किसी भी वर्ग में समानता के लिए सबसे पहले अवसरों की समानता का होना बेहद ज़रूरी है। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि देश में आधी आबादी राजनीति में अभी भी हाशिये पर है। ये स्थिति तब है, जबकि जितनी भी महिलाओं को राजनीति के निचले पायदान से ऊपरी पायदान तक जितना भी और जब भी मौका मिला, उन्होंने अपनी योग्यता और क्षमताओं का लोहा मनवाया है। ऐसे में यह सवाल भी उठना स्वाभाविक है कि आजादी के 75 सालों में लैंगिक समानता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियां आखिर गिनती की ही क्यों रह गई हैं? आखिर सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लैंगिक असमानता क्यों बरकरार है? वह भी तब, जब हम इस वर्ग को ‘आधी आबादी’ का संबोधन देते हैं। यह बात सही है कि स्त्री शक्ति ने देश-दुनिया में समय-समय पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, लेकिन महिलाओं को कमतर होने का अहसास दिलाने की पुरुष वर्ग की मानसिकता आज भी स्त्रियों को उनके हकों से वंचित कर रही है। नारी सशक्तीकरण की बातें कागजी योजनाओं में काफी अच्छी लगती हैं पर धरातल पर अभी काफी कुछ होना बाकी है। खास तौर से आधी आबादी को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बराबरी का हक देने को लेकर। यह विडम्बना ही है कि विधायिकाओं में 50 फीसदी नहीं, बल्कि महज 33 फीसदी आरक्षण की सालों से चल रही मांग आज तक अधूरी ही है। पंचायत और स्थानीय निकाय स्तर पर आरक्षण से महिलाओं को मौका जरूर मिला लेकिन यहां भी कितना सशक्तीकरण नारी शक्ति का हो पाया है यह किसी से छिपा नहीं है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वावलंबी, ऊंचे पदों पर बैठी महिलाओं के विपरीत लैंगिक भेदभाव की उस तस्वीर को भी देखना होगा जहां महिलाओं को यह तक पता नहीं कि कानून ने किन-किन क्षेत्रों में उनको कितना संरक्षित कर रखा है। वहीं संसद में भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। भारत की मौजूदा जनसंख्या के अनुसार, लोकसभा में एक निर्वाचित सांसद औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, वहीं एक निर्वाचित महिला सांसद औसतन 92 लाख महिलाओं का प्रतिनिधित्व करतीं हैं। जाहिर है महिला अधिकारों और महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के दावों और उसकी वास्तविकता के मध्य एक गहरा विरोधाभास और राजनीतिक दलों का दोगलापन है।

हमें नहीं भूलना चाहिए कि डॉ. आंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जाता है कि उसमें महिलाओं की क्या स्थिति है? दुनिया की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए जब तक उनका समुचित विकास नहीं होता कोई भी देश चहुंमुखी विकास नहीं कर सकता। उनका दृढ़ विश्वास था कि महिलाओं की उन्नति तभी संभव होगी, जब उन्हें घर-परिवार और समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। लेकिन ये सच है कि पितृसत्तात्मक मानदंडों और परम्परागत मानसिकता के चलते ऐतिहासिक रूप से भारत में महिलाओं को हाशिए पर रखा गया। आजादी के बाद भारत के संविधान ने ये व्यवस्था दी कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में पुरुषों एवं महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, लेकिन भारत में अधिकांश विधानसभाओं में महिला सदस्यों के प्रतिनिधित्व का परिदृश्य आज भी निराशाजनक है। वास्तव में भारत की आधी आबादी का एक बहुत बड़ा भाग अभी भी अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित है।

वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की ओर से जारी रिपोर्ट में भारत का नाम 146 देशों की सूची में 135वें स्थान पर रहा है। आज ज़रूरत इस बात की है कि इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। भारत की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कम होने के पीछे प्रमुख कारण अब तक समाज में पितृसत्तात्मक ढाँचे का मौजूद होना है। हमें इस बात को समझना होगा कि पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी न केवल न्याय और लोकतंत्र के लिए अहम है, बल्कि ये सुव्यवस्थित मानव अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य है।जाहिर है, शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और प्रशासन से लेकर राजनीति तक बेटियों को अभी काफी अवसर और सुविधाएं देना बाकी है। यह काम सरकारों को भी करना है और समाज को भी।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## महिला दिवस
प्रो. नीलिमा गुप्ता

# शैक्षिक सशक्तिकरण के अवसर मिले

**महिला शिक्षा व सशक्तिकरण एक दूसरे से गहरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों, अवसरों और जिम्मेदारियों को समझ सकती हैं। शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला शिक्षा व सशक्तिकरण की प्रक्रिया केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित महिला ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती है, अपनी सामाजिक स्थिति में सुधार करती कर सकती है व पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जा सकती है।**

एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। शिक्षा न केवल व्यक्तिगत जीवन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहायक है। आज आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने की तरफ भारत आगे बढ़ रहा है। शिक्षा को आत्मनिर्भरता की नींव कहा जा सकता है, क्योंकि जब किसी व्यक्ति या समाज को उचित शिक्षा मिलती है, तो वह न केवल अपने व्यक्तिगत जीवन में सुधार करता है, बल्कि वह देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके लिए आवश्यक है कि देश के नागरिक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करें और उसे अपने जीवन में सही ढंग से लागू करें।

आज कौशल विकास के कई अवसर युवाओं के सामने हैं जिससे वे न केवल रोजगार पा सकते हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे सकते हैं। नई तकनीकों और नवाचारों का ज्ञान प्राप्त कर युवा भारत अपनी एक मजबूत और प्रतिस्पर्धात्मक ताकत बनने की क्षमता रखता है। शिक्षा नागरिकों को अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक तो करती ही है, साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे महत्त्वपूर्ण आयामों के प्रति भी नागरिक बोध भी कराती है। यह समाज में जाति, वर्ग, जेंडर विभेद को दूर करने का एक माध्यम भी है ताकि सभी नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर सेवा का समान अवसर उपलब्ध हो सके। स्वावलंबन और नागरिक बोध से युक्त भारत की जनसंख्या न केवल उसकी शक्ति है बल्कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है। इस महती संकल्पना को साकार में करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए महिला शिक्षा के महत्व को समझना आवश्यक है। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण एक दूसरे से गहरे से जुड़े हुए हैं, क्योंकि शिक्षा ही वह साधन है, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों, अवसरों और जिम्मेदारियों को समझ सकती हैं। महिला शिक्षा के द्वारा ही महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मसम्मानित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की प्रक्रिया केवल महिलाओं के व्यक्तिगत विकास के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित महिला ही सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकती है, अपनी सामाजिक स्थिति में सुधार करती कर सकती है तथा पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जा सकती है। महिलाओं का शिक्षित होना और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना समाज में समानता की मुख्य कुंजी है। महिलाएं शिक्षा के माध्यम से न केवल रोजगार प्राप्त करती हैं बल्कि वे अपने परिवार की आर्थिक सुदृढ़ीकरण में योगदान करती हैं। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है और उनकी आर्थिक रूप से निर्भरता समाप्त होती है। आर्थिक सक्षमता महिलाओं में निर्णय की क्षमता का विकास करती है और यही स्थिति उन्हें समाज में बराबरी का स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होती है। शिक्षित और आत्मनिर्भर महिलाएं स्वयं और परिवार के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाए रखने में सक्षम होती हैं। वे पोषण, स्वच्छता और देखभाल के महत्व को बेहतर समझती हैं। उनकी यह काबिलियत न केवल उनकी बल्कि पूरे परिवार और समाज की जीवनशैली में




सुधार करती है और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मदद करती है। समाज में स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण तभी संभव है जब उस समाज की महिला सशक्त हो। महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि महिलाओं को उनके अधिकारों, अवसरों और विकल्पों में पूरा समर्थन मिले, ताकि वे समाज में आत्मनिर्भर, स्वतंत्र और समृद्ध जीवन जी सकें। यह उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और मानसिक सशक्तिकरण से भी जुड़ा हुआ है। यह जरूरी है कि महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षा दी जाए, ताकि वे अपने जीवन के निर्णय खुद ले सकें। महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि उनके आत्मविश्वास से उनकी आवाज बुलंद हो और वे नीतियों में परिवर्तन ला सकें। महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर लड़की को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले, खासकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में। इसके लिए विद्यालयों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और छात्रवृत्तियां प्रदान करना जरूरी है। समाज को भी यह समझने की आवश्यकता है कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि समग्र समाज के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए समाज को भी अपनी मानसिकता में बदलाव लाने, भेदभाव को समाप्त कर महिलाओं को समान अधिकार प्रदान करने की पहल करनी चाहिए। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की सुरक्षा भी अहम है। सरकार और समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिलाएं बिना किसी डर के अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें। इसके लिए भारत सरकार द्वारा प्रभावी कानून और नीतियां भी लाई गई हैं। महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य के बारे में सही जानकारी देना, उनकी देखभाल भी सशक्तिकरण का एक आवश्यक पहलू है। एक स्वस्थ महिला ही सशक्त बनकर अपने परिवार और समाज का सही दिशा में मार्गदर्शन कर सकती है। इसके लिए हमें शैक्षणिक संस्थानों में भी छात्राओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर समान स्तर पर लाना होगा। महिला शिक्षा के माध्यम से उन्हें समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना हम सबका कर्तव्य है। अगर हम एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र चाहते हैं तो हमें महिलाओं को शिक्षा और सशक्तिकरण के सही अवसर प्रदान करने होंगे।

(लेखिका डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.) में कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# मन अशांत होने पर इष्टदेव के मंत्रों को जपें



संकलित
## दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

# सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
## प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-मदन बाजपेयी, भिलाई

## X ट्रेंड

### तमिल में पाठ्यक्रम



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को भी जल्द से जल्द तमिल भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करना चाहिए। इससे तमिल माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को लाभ होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विकास का दीप जलाएंगे



विगत सरकारों ने दिल्ली के हर विभाग, हर व्यवस्था को इतना बदहाल कर दिया है। हमें एक जंग लगा हुआ सिस्टम विरासत में मिला है लेकिन हम अपने बुलंद हौसलों और कर्तव्यनिष्ठा से दिन-रात काम करके दिल्ली में विकास का दीप जलाएंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### महिलाओं को प्रोत्साहन



इस पहचान के लिए मैं बहुत आभारी हूँ, मैं और अधिक महिलाओं को आगे आने और अपनी यात्रा की पटकथा लिखने में यथास्थिति को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### उम्र सिर्फ एक संख्या



जिस शख्स ने फिल्मों में 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग की भूमिका निभाई हो, और ज़्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारों के रोल किए हों, उसकी जवानी तो अब शुरू हुई है! उम्र सिर्फ़एक संख्या है, मैं इसका आदर्श उदाहरण हूँ।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के घने बालों की प्रशंसा की

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के घने बालों की सराहना की और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों को संदेश दिया कि उन्हें जल्द धरती पर वापस लाया जाएगा। ट्रंप (78) ने अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे बुच विल्मोर और विलियम्स को पृथ्वी पर वापस लाने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक बचाव दल को कक्षा में भेजने की संभावना का जिक्र किया और आठ दिन के मिशन के नौ महीने तक जारी रहने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, ‘बाइडन ने उन्हें वहीं फंसा छोड़ दिया।’ उन्होंने कहा, ‘हमारे दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। मैंने एलन (मस्क) से कहा, ‘मेरा एक काम करो। क्या तुम उन्हें बाहर निकाल कर ला सकते हो? उन्होंने कहा ‘हां’। वह वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि दो सप्ताह में। ट्रंप ने कहा कि मस्क अभी एक यान तैयार कर रहे हैं जो ऊपर जाएगा और उन्हें वहां से ले जाएगा।



## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न

पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को ‘बंद’ करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सिलवासा में पीएम ने दिया फिट रहने का मंत्र, किया अस्पताल का उद्घाटन

# 2050 तक 44 करोड़ भारतीय होंगे मोटापे से ग्रस्त, तेल में कटौती व रोज पैदल चलें

एजेंसी ⏭ सिलवासा

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के सिलवासा में नमो अस्पताल के फेज-1 का उद्घाटन किया। अस्पताल के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिलवासा का विकास अभियान जारी रहेगा।

मोदी ने फिर मोटापे की समस्या को उठाया और एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे से ग्रस्त होंगे। उन्होंने इन आंकड़ों को चौंकाने वाला और खतरनाक बताया। ये आंकड़ा डराने वाला है। हर तीन में से एक व्यक्ति मोटापे की वजह से गंभीर बीमारियों की चपेट में आ सकता है। इसके साथ ही हमें एक्सरसाइज को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। संडे ऑन साइकल भी फायदेमंद है. रोजाना कुछ किलोमीटर पैदल चलने की आदत डालिए। आज देश विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में जुटा है, एक स्वस्थ देश ऐसे लक्ष्य को हासिल कर सकता है।




- मोदी ने सिलवासा में दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव में 2,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उद्घाटन किया
- हम सिलवासा के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, 450 बेड वाले इस अस्पताल के निर्माण पर 460 करोड़ रुपये की लागत आई है
- पीएम बोले-इससे केंद्र शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को काफी मजबूती मिलगी

### मोदी अगले सप्ताह मॉरीशस जाएंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी 11 मार्च से मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे और इस देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी। मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के निमंत्रण पर द्वीपीय देश की यात्रा पर जाएंगे।

## सभी को उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने को प्रतिबद्ध

- हर साल सात मार्च को मनाया जाता है 'जन औषधि दिवस'
- प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किया पोस्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर स्वस्थ और फिट भारत सुनिश्चित करते हुए सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती दवाएं प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। हर साल सात मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल को समर्थन देने के लिए एक से सात मार्च तक पूरे देश में सप्ताह भर के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### केंद्र ने मुद्रा योजना के तहत 32 लाख करोड़ दिए

**सूरत (भाषा)।** मोदी ने कहा कि मुद्रा योजना के तहत केंद्र ने 32 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके पास शून्य सीटें हैं, वे इस राशि के शून्य नहीं गिन सकते हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस पांच फरवरी को दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों में अपना खाता खोलने में विफल रही, जहां भाजपा को जीत मिली। यह लगातार तीसरी बार है, जब दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

भाषा विवाद पर एमके स्टालिन पर बरसे केंद्रीय मंत्री

# तमिल में इंजीनियरिंग-मेडिकल की पढ़ाई शुरू करें: अमित शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

भाषा ⏭ रानीपेट (तमिलनाडु)

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार में भाषा के मुद्दे पर छिड़े विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा प्रदान करने को कहा तथा तमिल भाषा की सराहना भी की।

भाषा के मुद्दे, विशेष रूप से हिंदी 'थोपे जाने' के स्टालिन के आरोप को लेकर शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए हैं और अब यह सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के अभ्यर्थी अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें। चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी।' उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं।



### स्टालिन बोले- हिंदी थोपने की हर कोशिश नाकाम

सीएम स्टालिन ने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि हर बार जब किसी ने तमिलनाडु में हिंदी थोपने की कोशिश की तो उसे हार मिली या फिर उन्हें डीएमके के साथ आना पड़ा। स्टालिन ने कहा कि हिंदी थोपने से गैर-हिंदी भाषी लोगों को बहुत परेशानी होती है। भारत में गैर-हिंदी भाषी लोगों का ही बहुमत है। सरकारी योजनाओं, पुरस्कारों और केंद्र सरकार की संस्थाओं तक में हिंदी को थोपा जा रहा है। लोग आते हैं और चले जाते हैं, लेकिन जब हिंदी का वर्चस्व खत्म होगा, तब भी इतिहास याद रखेगा कि डीएमके ने इसके खिलाफ सबसे पहले और सबसे मजबूती से लड़ाई लड़ी थी।

नकली मतदाता पहचान पत्र को लेकर ईसी का दावा

## हम 3 महीने में सुलझाएंगे दशकों पुरानी समस्या, अब 'नया सिस्टम' करेंगे लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- ईपीआईसी नंबर के मामले का आयोग ने लिया संज्ञान

चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को 3 महीने में हल कर लेगा। ईसी ने कहा कि चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। हमने तकनीकी टीमों और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया के तहत डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं को एक विशेष राष्ट्रीय ईपीआईसी नंबर प्रदान किया जाएगा। नया सिस्टम भविष्य के मतदाताओं के लिए भी लागू होगा।

### टीएमसी ने आयोग से शिकायत की थी

बंगाल में सत्ताधारी दल टीएमसी ने एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर के बारे में शिकायतें की थी। चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल नेकोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की थी। ईसी ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकता है, व कहीं नहीं।

### बदमाशों के लिए फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने फर्जी पहचान का उपयोग कर गैंगस्टर और अपराधियों को विदेश भागने में कथित तौर पर मदद करने वाले एक फर्जी पासपोर्ट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के सरगना निशांत कुमार सक्सेना व उसके छह अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नीरज बवाना गिरोह का एक सदस्य भी शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय कुमार सैन ने बताया, "अपराध शाखा गैंगस्टर, वांछित अपराधियों और पैरोल पाकर फरार होने वाले अपराधियों के लिए फर्जी पासपोर्ट बनाने में शामिल गिरोह पर नजर रखे हुए थी।

### निष्क्रिय खातों से पैसे निकालने के आरोप में दो जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली में जाली चेक का इस्तेमाल कर निष्क्रिय बैंक खातों से पैसे निकालने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कपिल कुमार (26) और लोकेंद्र (36) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) रवि कुमार सिंह ने बताया कि संजीव कुमार नामक व्यक्ति की शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके बैंक खाते से 24.35 लाख रुपये की अनधिकृत निकासी की गई जबकि लेन-देन के लिए इस्तेमाल किए गए चेक अभी भी उनके पास हैं।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ की महिला हेड कांस्टेबल ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हवाई अड्डे पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की महिला हेड कांस्टेबल ने शौचालय में कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे पर तैनात हेड कांस्टेबल की पहचान किरण के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### दिल्ली के चाणक्यपुरी में अवसादग्रस्त आईएफएस अधिकारी ने इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जितेंद्र रावत (उम्र 35-40 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई है। सूत्रों ने बताया कि अधिकारी अवसादग्रस्त थे और उनका इलाज चल रहा था।

## सीएम उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में शून्य घाटे वाला बजट पेश किया

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को विधानसभा में शून्य घाटे वाला बजट पेश किया, जिसमें 2025-2026 के लिए 1,12,310 लाख करोड़ रुपए के खर्च की घोषणा की गई। इ

समें बहु-क्षेत्रीय कल्याण और विकास पर जोर दिया गया गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त विभाग भी संभाल रहे अब्दुल्ला ने बजट में अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की।



- 200 यूनिट मुफ्त बिजली और पर्यटन को बढ़ावा देने का मास्टरप्लान तैयार
- पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री शाह और वित्त मंत्री निर्मला की भी प्रशंसा की

अब्दुल्ला ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा की।



## खबर संक्षेप

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने रद किया ईडी का समन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती और राज्य सरकार में मंत्री भैरती सुरेश को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को रद्द कर दिया है। जस्टिस हेमंत चंदनगौडर की बेंच ने ईडी की कार्रवाई को अवैध करार देते हुए कहा था कि 28 और 29 अक्टूबर को नटेश के बयान दर्ज करना नियमों के खिलाफ था। ईडी ने दिसंबर में लोकायुक्त को पत्र लिखकर 700 करोड़ रसे अधिक के भूमि घोटाले में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए थे और पूछताछ के लिए समन भेजा था, जिसे अब हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध का बम मिला

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में रेल पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन और उत्तरी क्षेत्र जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों का परिचालन शुक्रवार को रोक दिया गया। यूरोस्टार ब्रिटेन की एक ट्रेन सेवा है। फ्रांस के राष्ट्रीय रेल संचालक 'एसएनसीएफ' ने एक बयान में कहा कि पुलिस के अलर्ट के बाद गारे डू नॉर्ड पर अगले आदेश तक रेल परिचालन रुका रहेगा। हम यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का अनुरोध करते हैं।

### यूएस जलवायु परिवर्तन नुकसान की भरपाई से जुड़े समझौते से पीछे हटा

**नई दिल्ली।** अमेरिका उस वैश्विक समझौते से पीछे हट गया है, जिसके तहत विकसित देशों ने विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए वित्तीय मदद देने की प्रतिबद्धता जताई है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में हिस्सा लेने वाले अफ्रीकी देशों के गठबंधन, अफ्रीकी वार्ताकार समूह (एजीएन) ने अमेरिका के हानि एवं क्षति प्रत्युत्तर निधि बोर्ड से बाहर होने पर गहरी निराशा जताई है। एजीएन के अध्यक्ष अली मोहम्मद ने कहा, "जलवायु परिवर्तन के लिए ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा जिम्मेदार देश द्वारा लिया गया।

---

**सुप्रीम कोर्ट की भ्रष्टाचार मामले में तल्ख टिप्पणी**
**भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए रिहाई से इनकार करने में**

# 'भाड़े के हत्यारों' से भी ज्यादा खतरनाक हैं भ्रष्ट नेता-अफसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की कड़ी आलोचना की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च स्तरों पर बैठे भ्रष्ट तत्व समाज के लिए भाड़े के हत्यारों से भी ज्यादा खतरनाक हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि विकासशील देश के समाज को कानून और व्यवस्था के लिए किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वह सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्वों से है। ऐतिहासिक समानताएं दर्शाते हुए शीर्ष अदालत ने ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क के शब्दों का हवाला दिया, सामान्य रूप से भ्रष्ट लोगों के बीच, स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती, और इस बात पर दुख जताया कि भ्रष्टाचार अपने सुप्रलेखित परिणामों के बावजूद अनियंत्रित बना हुआ है।पीठ ने ये सख्त टिप्पणियां पंजाब सरकार में ऑडिट इंस्पेक्टर देविंदर कुमार बंसल की अग्रिम जमानत खारिज करते हुए कीं। बंसल पर एक ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों के ऑडिट के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। पीठ ने आगे स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए रिश्वत का वास्तविक आदान-प्रदान आवश्यक नहीं है। फैसले में कहा गया है कि वे सरकारी कर्मचारी जो सीधे तौर पर रिश्वत नहीं लेते हैं, बल्कि बिचौलियों या दलालों के माध्यम से लेते हैं, और वे लोग जो उन लोगों से मूल्यवान चीजें स्वीकार करते हैं जिनके साथ उनका आधिकारिक लेन-देन है या होने की संभावना है, वे भी दंडनीय हैं।

### अदालतों को दिए निर्देश
### अभियुक्त की स्वतंत्रता से कर दें इनकार

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अभियुक्त की स्वतंत्रता के प्रति अत्यधिक आग्रहपूर्ण श्रद्धांजलि कभी-कभी सार्वजनिक न्याय के उद्देश्य को पराजित कर सकती है। साथ ही कहा कि यदि किसी अभियुक्त को स्वतंत्रता से वंचित करने से भ्रष्टाचार मुक्त समाज सुनिश्चित होता है, तो अदालतों को ऐसी स्वतंत्रता से इनकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उनकी याचिका को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्दोषता की धारणा एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, लेकिन अग्रिम जमानत देने के लिए यह एकमात्र आधार नहीं हो सकता। इसने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में शासन में जनता का भरोसा बनाए रखने की जरूरत व्यक्तिगत स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।

---

**ट्रंप की सख्ती के बाद चीन को याद आई भारत की 'दोस्ती'**

# कहा-ड्रैगन व हाथी मिलकर दुनिया बदल सकते हैं, हम लड़ें नहीं, आओ साथ चलें

नई दिल्ली ▶▶ बीजिंग

- अब तक भारत की ओर से चीन के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया गया

अमेरिका के साथ ट्रेड वार और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 20 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ऐलान से चीन परेशान हो गया है। यही नहीं चीन ने अब भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन का कहना है कि यदि भारत और हम एक-दूसरे से मुकाबले की बजाए साथ आ जाएं तो दुनिया के व्यापारिक समीकरण ही बदल सकते हैं।

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार कहा कि यह समय है, जब दिल्ली और बीजिंग को साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकाधिकार और पावर पॉलिटिक्स का मुकाबला हमें साथ मिलकर करना चाहिए। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की मीटिंग के बाद वांग ने कहा कि ड्रैगन और एलिफेंट को साथ डांस करना चाहिए। फिलहाल, यही सबसे सही चीज है। वांग यी ने कहा कि हमें एक दूसरे से मुकाबला करने की बजाए मजबूती से सहयोग करना चाहिए। इससे हमारे परस्पर हितों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं साथ आ जाएंगी तो फिर ग्लोबल साउथ का भविष्य उज्वल होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक संबंधों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का विकसित होना जरूरी है। अब तक भारत की ओर से चीन के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। वहीं, गुरुवार को ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार चीन के साथ अच्छे रिश्ते रखने की पहल कर रही है।

### दिल्ली के साथ हमारे संबंधों में सुधार हुआ

चीनी विदेश मंत्री ने यह बात तब कही, जब उनसे भारत के साथ संबंधों को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के साथ हमारे संबंधों में सुधार हुआ है। बीते एक साल में हमने रिश्ते सुधारे हैं। सीमाओं से सेनाएं हटी हैं और शांति बहाल हुई है।

**हम तैयार हैं... ट्रंप के ट्रेड वार पर चीन ने भी स्वीकार किया चैलेंज**

मंगलवार को ही ट्रंप ने एक आदेश पर साइन किया, जिसके तहत चीन से होने वाले आयात पर टैरिफ 20 फीसदी तक किया जाना है। ट्रंप ने कहा कि चीन से नशीली दवा फेंटानिल की सप्लाई कम नहीं हो रही है। ऐसे में उससे निपटने के लिए ही यह फैसला लिया गया है।

---

**आयरलैंड के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर**

## भारत, आयरलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग स्थापित करने पर सहमत



**लंदन (भाषा)।** भारत और आयरलैंड द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों को बढ़ाने के लिए एक संयुक्त आर्थिक आयोग (जेईसी) स्थापित करने पर सहमत हो गए हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को डबलिन में आयरलैंड के विदेश मंत्री साइमन हैरिस से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। विदेश मामलों के विभाग में हुई इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-आयरिश साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक 'कार्य योजना' भी तय की। जयशंकर 2015 में मोदी के दौरे के बाद आयरलैंड की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "हमने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की, जिसमें संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए एक नई कार्य योजना भी शामिल है। हमारे व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों को बढ़ाने के लिए एक संयुक्त आर्थिक आयोग स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की गई।

### ईयू के साथ एफटीए को तैयार

**डबलिन।** विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही लंबी बातचीत का भी उल्लेख किया, जो अब लगभग 23 वर्षों से चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत और आयरलैंड के बीच मजबूत आर्थिक और शैक्षिक संबंधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आयरलैंड में लगभग 13,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो आयरलैंड के राष्ट्रीय विकास में योगदान दे रहे हैं।

---

**बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने से किया इनकार**

# सुप्रीम कोर्ट का धारावी पुनर्विकास प्रोजेक्ट पर रोक से इनकार, अदाणी का टेंडर रद करने की थी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के लिए चल रहे निर्माण कार्य को रोकने की मांग को अस्वीकार कर दिया है। साथ ही, बॉम्बे हाईकोर्ट के अदाणी ग्रुप के पक्ष में दिए गए फैसले को पलटने से भी इनकार कर दिया। यह मामला तब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जब दुबई स्थित सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा अदाणी ग्रुप को यह परियोजना सौंपे जाने के फैसले को चुनौती दी।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और अदाणी ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। महाराष्ट्र सरकार ने 2019 में धारावी के पुनर्विकास के लिए टेंडर जारी किया था। इस प्रक्रिया में सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज ने 7,200 करोड़ रुपए की बोली लगाकर इसे अपने पक्ष में कर लिया था। लेकिन 2019 और 2022 के बीच आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव का हवाला देते हुए सरकार ने इस टेंडर को रद्द कर दिया।



### अदाणी ग्रुप ने 5069 करोड़ की बोली लगाई थी

2022 में एक नई निविदा जारी की गई, जिसमें अदाणी ग्रुप ने 5,069 करोड़ रुपए की बोली के साथ यह प्रोजेक्ट हासिल कर लिया। इसके खिलाफ सेक्लिंक ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील की, लेकिन दिसंबर 2024 में हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को सही ठहराया।

- सेक्लिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्प ने दायर किया था मामला
- सुप्रीम कोट ने अदाणी ग्रुप व सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी

*सुप्रीम कोर्ट का रुख : सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सभी मौजूदा नियमों और शर्तों का पालन किया जाना आवश्यक है। न्यायालय ने यह भी कहा कि सेक्लिंक की 8,640 करोड़ रुपए की संशोधित बोली अदाणी की 5,069 करोड़ रुपए की बोली से अधिक है। कोर्ट ने सेक्लिंक को निर्देश दिया कि वह अपनी संशोधित बोली के विवरण के साथ एक हलफनामा प्रस्तुत करे। साथ ही, अदाणी ग्रुप को परियोजना से जुड़े सभी वित्तीय लेन-देन के लिए एक अलग बैंक खाता रखने का निर्देश दिया गया है।*

### आवास सुविधा

1 जनवरी 2000 से पहले बसे लोगों को मुफ्त आवास मिलेगा। 2000 से 2011 के बीच आए लोगों को रियायती दर पर मकान उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र निवासियों को धारावी में ही घर दिया जाएगा, जबकि अपात्र निवासियों को अन्य स्थानों पर बसाया जाएगा।

### सरकार की पहल और भूमि अधिग्रहण

महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र सरकार से मुंबई की साल्ट पैन भूमि को परियोजना के लिए देने का अनुरोध किया है।यह भूमि 283.4 एकड़ में फैली है और केंद्र सरकार इसका स्वामी है। राज्य सरकार इसे 99 वर्षों की लीज पर लेना चाहती है और इसके लिए केंद्र को बाजार दर के अनुसार भुगतान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

### धारावी पुनर्विकास: प्रमुख पहलू

धारावी में फ्लैट्स, स्कूल, सामुदायिक हॉल, पार्क, अस्पताल और बच्चों के लिए डे-केयर सेंटर बनाए जाएंगे। व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। पुनर्विकास से पहले धारावी के निवासियों को अस्थायी रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा।

---

**ट्रंप के टैरिफ वार से टूटी कनाडा की कमर**

## विदाई भाषण में पत्रकारों के सामने ही फूट-फूटकर रोए जस्टिन ट्रूडो

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में जस्टिन ट्रूडो पीएम पद से इस्तीफा दे चुके हैं। अपने विदाई भाषण में ट्रूडो की आंखों में आंसू आ गए। दरअसल, कनाडा के निवर्तमान पीएम ट्रूडो आखिरी बार पीएम के तौर पर भाषण दे रहे थे, क्योंकि जल्द ही लिबरल पार्टी एक नया उत्तराधिकारी चुनने वाली है। ट्रूडो ने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर, मैंने यह सुनिश्चित किया है कि इस पद पर हर दिन मैं कनाडाई लोगों को प्राथमिकता दूं।



### लोगों के बीच एकता का आह्वान किया

ट्रूडो ने चेताते हुए कहा कि ट्रंप टैरिफ के जरिए कनाडा की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहते हैं ताकि कनाडा को अमेरिका में मिलाया जा सके। उन्होंने आने वाले कठिन समय से उबरने के लिए कनाडाई लोगों के बीच एकता का आह्वान किया। ट्रूडो ने ट्रंप की आक्रामक राजनीति की निंदा की और कहा कि कनाडाई और मैक्सिकन को समृद्ध होना चाहिए।

---

## नौ देशों की महिला शक्ति



**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नो देशों की महिला राजदूतों ने गुजरात के कच्छ जिले में अडानी समूह की एक फैक्टी का दौरा किया, जहां उन्होंने सोलर परियोजना का अवलोकन किया।

---

## हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों की बिना किसी भेदभाव के जांच करेगा बांग्लादेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते चरमपंथियों के हमलों के बीच शुक्रवार को भारत ने प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत, बांग्लादेश में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित है।

वहां के हालात के लिए गंभीर अपराधों में संलिप्त चरमपंथियों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। इनकी रिहाई से स्थिति बद से बदतर हो गई है। भारत ने लगातार यह कहा है कि हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों के जानमाल व उनके धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की है। हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश बिना किसी भेदभाव के मामलों की व्यापक रूप से जांच कर हत्या, हिंसा के दोषियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करेगा। 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता आतंकी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को लेकर भारत, अमेरिका की सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसमें प्रत्यर्पण से जुड़ी हुई तमाम औपचारिकताओं पर ध्यान दिया जा रहा है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी जानकारी

### एक सुरक्षित, स्थिर बांग्लादेश के समर्थक

*जायसवाल ने कहा, भारत एक सुरक्षित, स्थिर, समावेशी और समृद्ध बांग्लादेश का समर्थन करता है। जहां सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों और समावेशी आधार पर सबकी भागीदारी वाले चुनाव से किया जाना चाहिए। इजरायल की अथॉरिटी 10 10 लापता भारतीय मजदूरों को वेस्ट बैंक से ढूंढकर वापस इजरायल ले आई है।*

---

## हवाई सफर पर 'जीपीएस हैकिंग' का खतरा

**जीपीएस जैमिंग की स्थिति में लैंडिंग या टेकऑफ में बढ़ सकता है खतरा**

# हाईजैक, क्रैश और विमान की दिशा भी बदल सकते हैं साइबर हमलावर

### वैज्ञानिक ऑप्टिकल घड़ियां बनाने में जुटे जो जीपीएस पर निर्भर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल में लंदन से लिथुआनिया जा रहे एक विमान को लैंडिंग से पहले जीपीएस (जीपीएस) सिग्नल में खराबी आने के चलते पोलैंड की मोड़ना पड़ा। दरअसल, विमान के जीपीएस को हैक कर लिया गया था। इसके साथ ही कमर्शियल एयरलाइंस को प्रभावित करने वाली जीपीएस हैकिंग (जैमिंग) और स्पूफिंग की घटनाओं में भारी इजाफा देखने को मिला है। साल 2024 के आखिरी तीन महीनों में इस तरह की 800 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। ब्रिटेन के वैज्ञानिक नई तकनीक विकसित करने में जुटे हैं, जो जैमिंग को बेअसर कर सकती है। नई ऑप्टिकल घड़ियां मौजूदा परमाणु घड़ियों से 100 गुना अधिक सटीक हैं। ये जीपीएस पर निर्भर हुए बिना खुद सटीक समय बताएंगी।



**विमान को गलत रास्ते पर ले जा सकते :** जीपीएस सिस्टम गलत दिशा या डेटा दिखा सकता है। इससे विमान को वैकल्पिक रूट लेना पड़ता है, जो सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। जीपीएस जैमिंग के चलते पायलट को सटीक दिशा नहीं मिलती, जिससे विमान गलत रास्ते पर जा सकता है। पायलट को गलत लोकेशन और समय डेटा मिलने से दूसरे विमानों से टकराने का खतरा बढ़ जाता है।

**जीपीएस सिग्नल को करते हैं बाधित :** जीपीएस हैकिंग जैमिंग, एक साइबर हमला है। इसमें किसी डिवाइस के जीपीएस सिग्नल को बाधित किया जाता है। साइबर अपराधी जैमर डिवाइस से हाई-पावर रेडियो वेव्स भेजते हैं, जो असली जीपीएस सिग्नल को ओवरराइड कर देती हैं और रिसीवर (जैसे- विमान, कार, मोबाइल) को सटीक लोकेशन का डेटा मिलने में बाधा डालती हैं। वहीं, जीपीएस स्पूफिंग भी साइबर हमला है। इसमें साइबर अपराधी नकली जीपीएस सिग्नल भेजे जाते हैं।

---

## बीओबी ने महिलाओं के लिए विशेष बचत खाता किया शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने शुक्रवार को 'ऑटो स्वीप' सुविधा से लैस 'बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता' शुरू करने की घोषणा की। इससे ग्राहकों को उच्च ब्याज प्राप्त करने के साथ सस्ती दर पर आवास ऋण और वाहन ऋण प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। बीओबी महिला खाताधारकों के लिए ऐसा खाता लेकर आने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक है। इस खाते में कर्ज पर प्रसंस्करण शुल्क भी कम लगेगा। बैंक ने अपने प्रमुख एनआरआई पेशकशों में से एक बॉब प्रीमियम एनआरई (प्रवासी बाह्य खाता) और एनआरओ (प्रवासी साधारण खाता) बचत खाते में सुधार किया है जिससे ग्राहकों को अधिक फायदेमंद बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए इसकी सुविधाओं और लाभों को बढ़ाया गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यकारी निदेशक बीना वहीद ने कहा, /"बॉब ग्लोबल वूमेन एनआरई और एनआरओ बचत खाता आज की वैश्विक भारतीय महिलाओं की बदलती गतिशीलता को पहचानता है। इसे महिलाओं को प्रीमियम बैंकिंग विशेषाधिकार और सोच-समझकर तैयार की गई सुविधाएं प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। बैंक ने कहा कि संशोधित बॉब प्रीमियम एनआरई और एनआरओ बचत खाता कई सुविधाओं के साथ आता है, जिसमें बढ़ी हुई लेनदेन सीमा के साथ एक अनुकूलित डेबिट कार्ड, मानार्थ घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय लाउंज का उपयोग, निःशुल्क सुरक्षित जमा लॉकर और निःशुल्क व्यक्तिगत और हवाई दुर्घटना बीमा कवरेज शामिल है।

---

## सोना 89,000 के स्तर से नीचे फिसला, चांदी में तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर घरेलू मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे फिसल गयी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। यह सोने में गिरावट का दूसरा दिन था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं के साथ-साथ खुदरा लिवालों की ओर से मांग में कमी के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसके साथ इसमें लगातार चौथे दिन तेजी जारी रही। पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,100 रुपये की तेजी आई है।

### व्यापार युद्ध की चिंताओं से शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई।** वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर बनी अनिश्चितताओं से निवेशकों ने शुक्रवार को घरेलू बाजार में जोखिम लेने से परहेज किया। इससे बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में बिकवाली के रुख और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी का सिलसिला जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स दो दिनों की बढ़त के बाद 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 246.34 अंक चढ़कर 74,586.43 पर पहुंच गया था। हालांकि, निफ्टी 7.80 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 22,552.50 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 89 अंक बढ़कर 22,633.80 के स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"वैश्विक बाजार में अमेरिका के शुल्क लगाने और दूसरे देशों की जवाबी चेतावनियों के कारण अनिश्चितता बढ़ गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25